अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लबगढ़ के प्रागंण में दिनांक 15 नबम्वर 2014 को स्वच्छता अभियान के तहत शपथ ग्रहण समारोह हुआ. इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बल्लबगढ़ क्षेत्र के विधायक श्री मूलचन्द शर्मा, अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के प्रधान लाला श्री रतन सिंह गुप्ता, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० कृष्णकान्त गुप्ता के साथ साथ प्रबन्ध समिति के सदस्य समस्त शिक्षकवृंद शिक्षेणेत्तर कार्यालय के समस्त कर्मचारी व महाविद्यालय के सभी विद्यार्थी उपस्थित थे. महाविद्यालय प्रधान लाला रतन सिंह गुप्ता और प्राचार्य डॉ० कृष्णकान्त गुप्ता ने पुष्प गुच्छ भेंट कर अतिथि महोदय का स्वागत किया. मंच संचालिका श्रीमती किरण आनन्द ने समस्त विद्यार्थियों को स्वच्छता अभियान की महत्ता के विषय मे बताया और मन से शपथ ग्रहण करने की अपील की. विधायक महोदय ने वहाँ उपस्थित सभी को अपने घर, मोहल्ले, गाँव, शहर, कार्यस्थल और सार्वजनिक स्थलों को साफ रखने की शपथ दिलाई. शपथ के बाद उन्होंने विद्यार्थियों को आश्वासन दिया कि विद्यार्थियों को योग्यता के आधार पर शिक्षा व रोज़गार के अवसर उपलब्ध कराए जाऐंगे. अतिथि महोदय ने अग्रवाल महाविद्यालय की प्रशंसा करते हुए एन.सी.आर. का अहम कॉलेज बताया और कहा कि जब तक हम स्वयं पहल नहीं करेंगे तब तक सुधार की कल्पना भी नहीं कर सकते.

लेकिन ध्यान देने योग्य है कि अग्रवाल महाविद्यालय के प्रशासन की ओर से दो अक्तूबर से ही स्वच्छता अभियान शुरू किया जा चुका है. एन.एस.एस. के स्वयं सेवकों और स्वयं सेविकाओं ने महाविद्यालय प्रागंण और सेक्टर चार पटेल नगर के झुग्गी झोंपड़ी

वाले क्षेत्र में जाकर सफाई और स्वास्थय के विषय में जागरूकता उत्पन्न की और ये विद्यार्थी हर सप्ताह दो घंटे सफाई के प्रति समर्पित करते हैं. महाविद्यालय में “स्वच्छ रहेंगे स्वस्थ रहेंगे” और “स्वच्छता में ही ईश्वर का वास है” – जैसे होर्डिंग लगाकर विद्यार्थियों में स्वच्छता के प्रति सम्मान का भाव उत्पन्न करने का प्रयास किया जा रहा है. संपूर्ण महाविद्यालय प्रागंण में पॉलीथीन का प्रयोग प्रतिबंधित है.

वास्तव मे विद्यार्थियों के सहयोग से ही स्वच्छता अभियान को सार्थक बनाया जा सकता है.